राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक–पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

[सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ३५

कवि हेमरतन कृत

गोरा बादल पदमिणी चउपई

सम्पादक

डॉ० उदयसिंह भटनागर, एम० ए०, पी-एच० डी०

प्राध्यापक, हिंदी विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

प्रकाशक

राजस्थान राज्य संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२३	भारतराष्ट्रीय शकाब्द	प्रथमावृत्ति ७५०
खिस्ताब्द १९६६	१८८८	मूल्य– ५.००

मुद्रक– १. मूल पाठ–निर्णयसागर प्रेस, बम्बई ।

२. शेष–श्री हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर

सञ्चालकीय वक्तव्य

कोई ५० वर्ष पूर्व, जब हम पाटण के जैन-भण्डारों का अवलोकन कर रहे थे तब हमें हेमरत्न की इस रचना का प्रथम परिचय प्राप्त हुआ। मेवाड़ और चित्तौड़ के प्राचीन इतिहास को जानने की हमारी रुचि बचपन से ही बनी हुई थी। हमने हेमरत्न की इस रचना को भी प्रकाश में लाने का तभी मनोरथ कर लिया था। अपने देश के प्राचीन इतिहास के अज्ञात, अप्रकाशित, एवं अलभ्य ऐसे साधनो को-प्रबन्धो, ग्रन्थो, शिलालेखों, प्रशस्तियो आदि को प्रकाश में लाने का हमारा सतत लक्ष्य रहा और इस दृष्टि से आज तक अनेकानेक अप्रकाशित ऐतिहासिक साधन-सामग्री को प्रकाशित करने का प्रयत्न भी करते रहे हैं।

सवत १९३९ मे उदयपुर में राजस्थान हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन में हमारा आना हुआ और हमने राजस्थान के प्राचीन इतिहास की सामग्री का अन्वेषण, सशोधन, प्रकाशन आदि कार्य के विषय में भी अपने राजस्थानी बधुओ को समयोचित प्रेरणा दी। उसके बाद तुरन्त ही, प्रो० श्री उदयसिंहजी भटनागर बम्बई मे हमारे पास भारतीय विद्या-भवन के एक शोधकर्ता विद्याभिलाषी के रूप में पहुंचे। मैंने इनको उसी समय पद्मिनी की चउपई जैसी रचना का अध्ययन और अनुसन्धान करने का सुझाव दिया। मेरे पास जो इसकी प्रतिया थी वे इनको दी। इन्होने कार्य प्रारम्भ किया, परतु बाद मे ये वहा से चले गये और अपने अन्य कार्य-क्षेत्र में लग गये। सन् १९५० में जब राजस्थान के इस 'प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान' की मूल रूपरेखा बनी तो हमने इस प्रकार के राजस्थान के प्राचीन इतिहास के अनेक ग्रन्थ प्रसिद्धि मे लाने का कार्यक्रम बनाया। कान्हडदे प्रबन्ध, क्यामखां रासा, लावा रासा, वीरमायण, मुहता नणसी री ख्यात, बांकीदास री ख्यात व सूरजप्रकाश आदि ग्रन्थ इसी कार्यक्रम के अनुसार यथा-समय प्रकाशित किये गए। प्रस्तुत 'पदमिणी चउपई' भी उसी कार्यक्रम मे सम्मिलित थी। डॉ० भटनागर ने इस बीच अपना कार्य चालू रखा और उन्होंने इस रचना पर पी-एच० डी० की पदवी प्राप्त करने के लिये विस्तृत निबन्ध भी तैयार किया। जब मैंने पहले-पहल इनको यह कार्य करने की प्रेरणा दी थी उसके कोई १२ वर्ष अनन्तर ये मुझे जयपुर में मिले। मैंने इनके कार्यों को देखा और सूचित किया कि यदि ये इसकी सुसपादित प्रति तैयार कर सके तो उसको 'राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला' द्वारा प्रकाशित कर दिया जाय। इन्होने सहर्ष स्वीकार किया और तदनुसार मैंने तत्काल इसको बम्बई के सुप्रसिद्ध निर्णयसागर प्रेस मे [illegible] दिया। परन्तु श्री भटनागरजी को कुछ निजी

कठिनाइयो मे उलझे रहना पडा, अत: इसका मुद्रण-कार्य बहुत धीरे धीरे चला। आखिर में, फिर १२ वर्ष वाद अब यह ग्रन्थ छपकर पूरा हुआ है और राजस्थानी साहित्य एव इतिहास के प्रेमियो के करकमलो में उपस्थित हो रहा है।

हमारी मूल योजना तो थी कि हम इस हेमरत्न की रचना के साथ, लब्धोदय, भागविजय आदि की रचनाओ को भी एक ही सग्रह के रूप में प्रकाशित करें और उनका तुलनात्मक विवेचन भी उपस्थित किया जाय। परन्तु, उक्त रूप से हेमरत्न की रचना ही को पूर्ण होने में असाधारण विलम्ब हुआ देखकर हमे उक्त विचार को स्थगित रखना पडा। तथापि, हमें यह देख कर वहुत सतोष हुआ कि बीकानेर-निवासी नाहटा बधुओ के सदुद्योग से लब्धोदय-रचित पद्मिनी चउपई की भी एक सुन्दर आवृत्ति प्रकाशित हो गई है।

डॉ० भटनागरजी ने प्रस्तुत सस्करण को सुसपादित करने के लिए वहुत ही परिश्रम उठाया है। भिन्न-भिन्न प्रतियो के विविध पाठो का संकलन और सन्निवेश वडे अच्छे ढग से किया है। जिस प्रकार, इस ग्रन्थमाला मे प्रकाशित 'कान्हडदे प्रवन्ध' का उत्कृष्ट सस्करण हमारे परमप्रिय विद्वान् मित्र प्रो० के बी व्यास ने प्रस्तुत किया है, उसी प्रकार डॉ० भटनागर ने प्रस्तुत 'गोरा बादल पदमिणी चउपई' का यह सुन्दर सस्करण तैयार किया है। इस प्रकार की प्राचीन कृतियो के प्रमाणिक सस्करण तैयार करने वालो के लिए डॉ० भटनागर का यह सम्पादन आदर्श माना जाना चाहिए।

हम इसके लिए डॉ० भटनागरजी का अपना हार्दिक अभिवादन करते हैं। प्रस्तुत 'पदमिणी चउपई' की मूलभूत आदर्श प्रति जो सवत् १६४६ मे लिखी हुई है वह स्वय वनेडा निवासी स्वर्गीय वैरिस्टर श्री रविशकरजी देराश्री ने हमे जयपुर में दिखाई थी। हमारा विचार था कि उस प्रति के आद्यन्त पत्रो के ब्लॉक वना कर इस पुस्तक में दे दिए जावे, परन्तु वहुत कुछ प्रयत्न करने पर भी स्व० देराश्रीजी के वशजो से हमें यह सुविधा प्राप्त नही हुई। आशा है राजस्थानी-साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् इस प्रकाशन का यथोचित समादर करेंगे।

मुनि जिनविजय

चैत्र शुक्ला ६ (रामनवमी) स० २०२३
दिनाक ३१ मार्च, १९६६
राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान
जो ध पु र

प्रस्तावना

आभार निवेदन

सन् १९४०-४१ में मैंने उदयपुर मे और उसके आसपास के गांवों तथा ठिकानो मे प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थो की खोज कर लगभग २००० ग्रन्थो के विवरण लिये थे। इस खोज मे मुझे पद्मिनी की कथा से सम्बन्धित अनेक रचना-प्रतियाँ देखने को मिली। इसी समय आचार्य मुनि जिनविजय जी से मेरा सम्पर्क हुआ। दो वर्ष तक बम्बई मे भारतीय विद्या भवन मे उनके साथ रह कर विद्याभ्यास कर ज्ञान से लाभान्वित हुआ। 'पदमिनी चउपई' भी उस कार्य-क्रम का एक प्रधान अग रहा। इसका एक आलोचनात्मक संस्करण तैयार करने की प्रेरणा मुनिजी से प्राप्त हुई और इस कार्य को मैंने बम्बई मे रहकर पी-एच० डी० के लिये थीसिस के रूप मे अंग्रेजी में तैयार किया। हिन्दी के प्रति विशेष आग्रह होने के कारण मन न माना। मैंने बम्बई विश्वविद्यालय से हिन्दी मे थीसिस प्रस्तुत करने की आज्ञा माँगी, पर आज्ञा न मिली; हाँ, इस बात की आज्ञा तो मिली कि मैं उसे हिन्दी में लिखित किसी अन्य–जो लेना चाहे उस–विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करूँ तो बम्बई विश्वविद्यालय को कोई आपत्ति नही होगी। कार्य शिथिल पड़ गया। इस बीच हिन्दी मे पुन. थीसिस लिखने के पूर्व किसी विश्वविद्यालय की खोज का प्रश्न सामने आ गया। कार्य चलता रहा। नवीन सामग्री नवीन अनुभवो के साथ जुड़ती रही। राजस्थान विश्व-विद्यालय स्थापित हुआ। १९६२ मे मैंने 'हेमरतन कृत पदमिणि चउपई–एक परिपूर्ण आलोचनात्मक सस्करण तथा उसकी भाषा—राजस्थानी वि० स० १६४५–का वैज्ञानिक अध्ययन'–थीसिस प्रस्तुत किया। वह स्वीकृत हो गया और मुझे पी-एच० डी० की डिग्री भी प्राप्त हो गई।

यह सब हुआ मुनिजी की प्रेरणा, प्रोत्साहन और प्रबोधन से। आभार मुझे प्रकट करना है—पर किन भावनाओ मे, किन शब्दो मे ? एक शिष्य जिसके पास वाणी नही, शब्द नही–वह अपनी वाणी की कगाली को भी प्रकट करने में असमर्थ है, आभार तो उसके लिये बहुत भारी है—बलिहारी गुरु आपणे, जिन गुरु दियो बताय।"

काम कुछ जटिल हो गया—अनेक संकट और कठिनाइयां, जीवन की ऊबडखाबड भूमियो के बीच जीवन और मरण, ये सब—

डेहली डोर सावाण सराचा, कटक तणा सिणगार ।
घडिया जोणी, साँढ पलाणी, पूठ परठिया भार ॥

और मैं चला । कथा कुछ दुखद हो गई ।

बडोदा विश्वविद्यालय मे जाने के पश्चात् मुनिश्री ने फिर स्मरण दिलाया कि तुझे यह करना है; और इसके प्रकाशन का आश्वासन भी मुझे मिला । हेमरतन की जितनी प्रतियाँ मुझे बम्बई तक प्राप्त हुईं उनका उपयोग मैंने बम्बई मे ही कर लिया था । इसके बाद मुझे इसकी एक प्राचीनतम प्रति मिल गई जिसने इस सस्करण का आधार प्रस्तुत किया । अब प्रेस-प्रति तैयार करने मे फिर से उतना ही कार्य बढ गया जितना किसी आलोचनात्मक सस्करण का आरम्भ से अन्त तक होता है । अत. जितना-जितना काम होता जाता उतना-उतना मै मुनिजी को भेजता जाता और वह छपता जाता । इसी बीच मे अनेक वाधाए उपस्थित हुईं । मेरी पत्नी की निराशाजनक अवस्था ने मेरे सयम और मानसिक सन्तुलन को बिलकुल नष्ट कर दिया । मुनिजी की प्रेरणा और उनके उत्साहवर्द्धन ने इस कार्य को समाप्त करने मे सहायता की । प्रूफ देखने तथा मूल पाठो को सुधारने का कार्य भी मुनिजी को ही करना पडा । कार्य समाप्त हो गया और इधर पत्नी की जीवन लीला भी समाप्त हो गई ।

भूमिका का कार्य रुक गया । प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रकाशन रुक गया । अत. इसका प्रकाशन देर से हो रहा है । आशा है पाठक मेरी विवशता को समझेंगे ।

मुनिजी इस अवस्था मे भी अपने कार्य मे सलग्न रहते हैं । अपने कार्य मे व्यस्त रहते हुए भी उन्होने मुझे प्रेरणा दी, उत्साहित किया और मार्ग-दर्शन भी । उनकी मुझ पर कृपा है, उनका आभारी हूँ । एक शिष्य पर गुरु की कृपा का भार तो जीवन भर ही रहता है, वह तो उसकी सम्पत्ति है, उसका प्रदर्शन कर वह उसको लौटाना नही चाहता ।

वैशाखी
मगलवार, १३ अप्रेल, १९६५
विक्रम-विश्वविद्यालय, उज्जैन ।

उदयसिंह भटनागर

प्रस्तुत संस्करण

पद्मिनी की कथा को लेकर जायसी कृत 'पदमावत' हिन्दी साहित्य के क्षेत्र मे बहुत प्रसिद्ध है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जायसी की अन्य रचनाओ के साथ इसका भी उद्धार किया। 'मिश्रबन्धु विनोद' तथा शुक्लजी के 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' मे लब्धोदय (लक्षोदय) कृत 'पद्मिनी चरित्र' की सूचना मिलती है। इधर नागरी प्रचारिणी पत्रिका के पुराने अको मे जटमल नाहर कृत 'गोरा बादल की कथा' के गद्य मे लिखे जाने के विषय मे भी विवाद चला था। राजस्थान मे हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थो की खोज मे मुझे अपनी यात्रा मे इन रचनाओ की अनेक हाथ-पडतो की छान-बीन मे हेमरतन कृत 'गोरा बादल पदमिणि चउपई' के साथ भागविजय (और सग्रामसूरि) कृत 'गोरा बादल पदमिणि चउपई' की भी अनेक प्रतियाँ प्राप्त हुईं। इन सब मे जायसी को छोड कर अन्य सभी रचनाओ के मूल मे हेमरतन की रचना ही आधार रूप मे बनी है। हेमरतन ही इस रचना का मूल लेखक है।

वि० स० १६४५ मे हेमरतन ने अपने इस काव्य की रचना की थी। वि० स० १६८० मे जटमल नाहर ने हेमरतन की रचना का एक विकृत रूप 'गोरा बादल की कथा' नाम से प्रस्तुत किया था। यह रचना गद्य मे न होकर पद्य मे लिखित है। फिर वि० स० १७०६ मे लब्धोदय ने हेमरतन की रचना को ही गेय रूप प्रदान कर 'पद्मिनी चरित्र' नाम से विविध ढालो मे ढाला। वि० स० १७६० मे भागविजय ने और उसके कुछ वर्ष पूर्व सग्राम सूरि ने इसके परिवर्तित और परिवर्द्धित सस्करण तैयार किये। इस प्रकार पद्मिनी की कथा को लेकर रचित काव्यो को निम्न लिखित वर्गों मे रखा जा सकता है

१ **अज्ञात वर्ग :** सम्भवत. बैन अथवा अन्य कोई चारण कवि। बैन का उल्लेख जायसी ने 'पदमावत' मे किया है–'कथा अरम्भ बैन कवि कहा'। इसी प्रकार हेमरतन की रचना मे 'हेतमदान कविमल्ल भणि' (२१।१५४) आया है।

२ **जायसी वर्ग :** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'पदमावत' के प्रथम सस्करण मे अपने पूर्व के चार सस्करणो का उल्लेख किया है। उक्त सस्करण को उन्होने प्रामाणिक हस्तलिखित प्रतियो के आधार पर तैयार किया था। इसके पश्चात् डा० माताप्रसाद गुप्त और डा० वासुदेवशरण अग्रवाल के दो भिन्न (पर दूसरा पहले पर आधारित) प्रामाणिक सस्करण प्रकाशित हुए। मैंने इस सस्करण मे तुलना के लिये इन तीनो का उपयोग किया है।

३. हेमरतन वर्ग : इस लेखक की अनेक रचनाएँ खोज मे प्राप्त हुई। प्रस्तुत रचना 'पदमिणी चउपई' की ही अनेक प्रतियाँ प्राप्त हुई। उनमे से निम्न लिखित प्रतियाँ महत्वपूर्ण है—

(१) श्री रविशंकर देराश्री (बनेड़ा) की प्रति—उक्त प्रति की एक फोटो प्रति श्री देराश्री ने मुझे उपयोग के लिये दी थी। इसमे रचना-काल वि० स० १६४५ दिया गया है और लिपिकाल १६४६। इसमे प्रशस्ति सहित कुल ६१८ छन्द है। पर यह हेमरतन की मूल प्रति नही है और न स० १६४६ मे लिपीकृत मूल प्रति ही। इसमे जो क्षेपक दिये गये है उनसे लगता है कि यह उक्त सवत १६४६ मे लिखित किसी हाथ-पड़त की प्रतिलिपि है। फिर भी यह मूल रचना के सबसे अधिक सन्निकट है और पाठ भी सबसे अधिक शुद्ध और मौलिक है।

(२) मुनि श्री जिनविजयजी की दो प्रतियाँ—पहली प्रति मे रचना-काल सं० १६४५ और लिपिकाल सं० १६६१ है। इसका आकार १० इच लम्बा और ४·५ इच चौडा है। इसमे २० पत्र और ६५४ छन्द है। पाठ की दृष्टि से उक्त भाषा के विकसित रूपों का प्रयोग इसमे मिलने लगता है। दूसरी प्रति जो ऊपरवाली (पहली) प्रति के अधिक सन्निकट है, वि० स० १७२९ की लिखित है। इसका आकार पौने दस इंच लम्बा और साढे चार इन्च चौड़ा है। २९ पत्रो पर ६५१ छन्द है। इसमे पहली प्रति की भाषा के अधिक विकसित रूप मिलते हैं।

(३) वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर की प्रति:—यह प्रति वि० सं० १७८५ मे ढाका मे लिखी गई थी। इसका आकार ६ इच लम्बा और ५ इच चौड़ा है। इसमे १०२ पत्रों पर ६७५ छन्द दिये हैं। यह प्रति खण्डित है और आरम्भ के ६१ छन्द नष्ट होगये हैं। क्षेपक तथा पाठा-न्तर होने पर भी इसके छन्द मूल छन्दो के अधिक सन्निकट हैं।

(४) अन्य प्रतियो मे माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर की कुछ प्रतियां और ऑरिएन्टल इन्स्टीटचूट, बडोदा की प्रतियां भी उल्लेखनीय हैं। ये पाठ की दृष्टि से उतनी शुद्ध नही है। गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद, भाण्डारकर इन्स्टीट्यूट, पूना, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी में भी इसकी प्रतियाँ सुरक्षित हैं।

४ जटमल वर्ग . इसकी अनेक प्रतिया मिलती हैं। कुछ में पाठान्तर और भाषान्तर भी हो गया है। ऐसी ही एक प्रति की नकल मुनि जिनविजयजी के

सग्रह मे भी है। यह उन्होने अपनी बीकानेर यात्रा मे लिखवायी थी। इसका एक प्रकाशित सस्करण भी मिलता है। कुछ हस्तलिखित प्रतियो के आधार पर प० अयोध्यानाथ शर्मा ने इसका सम्पादन कर तरुण भारत ग्रन्थावली, दारागंज, प्रयाग मे प्रकाशित करवाया था। प्रकाशित रचना खड़ी बोली के अधिक निकट है जो हस्तलिखित प्रतियो से भिन्न है।

५ **लब्धोदय वर्ग :** इस वर्ग की चार प्रतिया उल्लेखनीय हैं—

(१) सवत् १७५३ की लिखित प्रति:—इसमे ७८० छन्द हैं। इस समय यह उदयपुर के सरस्वती सदन में सुरक्षित है।

(२) स० १७६१ की लिखित प्रति:—इसका आकार ६"×६ २" है। यह माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भीडर (उदयपुर के पास) में सुरक्षित है। इसमें ६१ पत्र और ८११ छन्द हैं।

(३) सवत् १८२३ की लिखित प्रति:—यह सरस्वती सदन, उदयपुर में सुरक्षित है। इसमें ८०३ छन्द हैं।

(४) संवत् १८६५ की लिखित प्रति—यह भी माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भीडर के सग्रह में हैं। इसका आकार १३ ५"×८·५" है। इसमें ८०० छन्द हैं। लिपि अधिक भ्रष्ट है।

६ **भागविजय वर्ग :** इस वर्ग में केवल वे ही रचनाएँ ली गई हैं, जिनमे सग्राम सूरि के क्षेपक भी सम्मिलित हैं। ऐसी कोई प्रति नही मिलती जिसमे केवल संग्राम सूरि अथवा केवल भागविजय के ही क्षेपक हो। इस वर्ग की निम्नलिखित प्रतिया महत्वपूर्ण हैं।

(१) माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भीडर की दो प्रतियां—इनमे पहली वि० स०१७६० की लिखित है और दूसरी सवत् १७७१ की। इनमे पहली प्रति लेखक की मूल हाथ-पड़त लगती है और दूसरी उसी की प्रतिलिपि। पहली का आकार १०"×४" है। इसमे ३१ पृष्ठ और प्रशस्ति सहित ६१६ छन्द हैं। दूसरी का आकार १०"×४.५" हैं। इसमे ३८ पत्र हैं और ६१७ छन्द हैं।

(२) आॅरिएन्टल इन्स्टीट्यूट बडौदा की स० १७८३ की लिखित प्रति:—इसका पाठ अधिक शुद्ध नही हैं।

प्रस्तुत सस्करण के लिये हेमरतन वर्ग और भागविजय वर्ग ही अधिक उपयोगी सिद्ध हुए हैं। जायसी और जटमल की रचनाएँ प्रकाशित हैं। लब्धोदय

के 'पद्मिनी चरित्र' के एक स्वतन्त्र सस्करण का प्रकाशन अपेक्षित है। भागविजय की रचना हेमरतन की रचना का ही परिवर्तित और परिवर्द्धित सस्करण होने के कारण पाठालोचन और पाठशोधन के लिये उसका उपयोग करते हुए उसको नीचे पाठान्तर मे रखा गया है। इस प्रकार उपर्युक्त प्रतियो मे जिनका प्रयोग प्रस्तुत सस्करण मे किया गया है उनका नामकरण निम्न प्रकार से किया गया है—

१. A प्रति – हेमरतन वर्ग की प्रति सख्या १ देराश्रीवाली प्रति वि० स० १६४६ की लिखित।

२ B प्रति – हेमरतन वर्ग की प्रति सख्या २ मे उल्लिखित पहली प्रति वि० स० १६६१ की लिखित।

३ C प्रति – हेमरतन वर्ग की प्रति सख्या २ मे उल्लिखित दूसरी प्रति वि० स० १७२९ की लिखित।

४ D प्रति – हेमरतन वर्ग की प्रति सख्या ३ मे उल्लिखित वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर की वि० स० १७८५ की ढाका मे लिखित खण्ड प्रति।

५ E प्रति – भागविजय वर्ग की प्रति सख्या १ में उल्लिखित पहली प्रति वि० स० १७६० मे रचित और लिखित मूल प्रति।

उपर्युक्त प्रतियो के छन्दो की तुलना और निरीक्षण से एक उलझन उपस्थित हुई। प्रत्येक प्रति मे क्षेपकों के अतिरिक्त अनेक सुभाषित, उक्तिया, और प्रसगानुसार अन्य अनेक कवियो की रचनाओ के उद्धरण भी थे। इन सभी पर एक ही क्रम में छन्द सख्या अकित थी। यहा तक कि सबसे प्राचीन स० १६४६ की लिखित प्रति में भी यही स्थिति थी। इधर कई प्रशस्तियो के अनुसार हेमरतन के मूल छन्दो की सख्या ६१६ (षटसित षोडस) होनो चाहिये, जब कि प्रत्येक प्रति में छन्द इससे अधिक सख्या मे थे। स० १६४६ वाली प्रति में भी यही स्थिति वर्त्तमान थी। प्रत्येक प्रति के छन्दो की पारस्परिक तुलना और सूक्ष्म निरीक्षण से हेमरतन के मूल छन्दो की खोज मे बहुत सहायता मिली। इस तुलना से प्रत्येक प्रति की छन्द सख्या की स्थिति निम्नलिखित देख पडती है :—

प्रति	स्वीकृत छन्द	अस्वीकृत छन्द	प्रति के मूल छन्द
A	६०४	६	६१०
B	६१२	४२	६५४
C	६०९	४२	६५१
D	६०९	६६	६७५
E	५६२	३०२	८६४

स्वीकृत मूल छन्द इस प्रकार हैं—

A	प्रति में मूल स्वीकृत (हेमरतन कृत) ६१६	छन्दो में से	१२	छन्द	कम	हैं	(६१६-६०४)
B	,,	,,	,,	४	,,	,,	(६१६-६१२)
C	,,	,,	,,	७	,,	,,	(६१६-६०६)
D	,,	,,	,,	७	,,	,,	(६१६-६०६)
E	,,	,,	,,	५४	,,	,,	(६१६-५६२)

प्रत्येक प्रति मे जो छन्द कारण विशेष से क्षेपक माने गये हैं, उन्हें नीचे टिप्पणी मे दे दिया गया है। प्रत्येक प्रति के स्वीकृत तथा अस्वीकृत छन्दो मे कई छन्द पूर्ण नही हैं। कही-कही क्षेपक रूप मे एक एक अर्द्धाली जोडी गई है और कही क्षेपको मे मूल छन्द का कोई अश है। अत. प्रत्येक प्रति मे इस स्थिति की सूचना यथास्थान दे दी गई है।

छन्द-निर्णय के पश्चात् पाठ-निर्णय भी आवश्यक है। प्रस्तुत प्रतियो में कोई भी प्रति हेमरतन की मूल प्रति नही है। न तो किसी मे हेमरतन द्वारा रचित पूरे ६१६ छन्द ही हैं और न कोई भी प्रति क्षेपको से सर्वथा मुक्त ही है। पर विभिन्न प्रतियो मे से हेमरतन के ६१६ छन्द अवश्य निकल जाते हैं। ऐसी स्थिति मे उनके पाठो की समस्या सामने आ जाती है। अत पाठ सशोधन के लिये निम्नलिखित आधार निश्चित किये गये—

१. **प्रतियों की प्राचीनता का आधार :** सामान्य रूप से सब से प्राचीन प्रति को आधार मान कर पाठ-निर्णय करने की एक शैली परम्परा से चली आती है। परन्तु कभी-कभी प्राचीनतम प्रति भी लिपिकार के आग्रह से मुक्त नही होती। ऐसी स्थिति मे वह उतनी सहायक नही होती जितनी अन्य प्रतियाँ। यहाँ A प्रति मूल रचना के एक वर्ष पश्चात् लिखित प्रति की प्रतिलिपि है। परन्तु यह भी पाठान्तरो और क्षेपको से मुक्त नही है। अन्य प्रतियो में पाठान्तर अधिक होने पर भी कही-कही पाठ-निर्णय मे उनसे बडी सहायता मिली है। इस दृष्टि से E प्रति उल्लेखनीय है जिसमे सबसे अधिक पाठान्तर और क्षेपक होते हुए भी अनेक स्थलो पर A प्रति से मेल खाने से वह पाठ-निर्णय मे सहायक हुई है, जैसे—

A	B	C	D	E
अबकइ	अबकइ	अवकिइ	अबकै	अबकइ
आजूणउे	आजूणउे	आजूणो	आजूणो	आजूणउे
आणिसृ	आणिसि	आणिसि	आणिसु	आणिसु

२. मूल छन्दों की प्रतिशत सख्या का आधार : प्रत्येक प्रति मे मूल छन्दों की सख्या निकाल कर उसका निश्चित मूल छन्दों से प्रतिशत निकालने पर प्रतियों की क्रमगत श्रेष्ठता स्थापित हो जाती है और उसके आधार पर भी पाठ-निर्णय किया जाता है। पर कभी-कभी प्राचीन प्रति मे मूल छन्दो की संख्या कम होने पर पाठ-निर्णय मे कठिनाई होती है। उक्त रचना मे यही स्थिति है।

प्रति मे सब से कम मूल छन्द हैं :—

A	प्रति मे	मूल	६१६ मे से	६०४	छन्द होने से	उनका	प्रतिशत	९८ ०५
B	,,	,,	,,	,, ६१२	,,	,,	,,	९९ ३५
C	,,	,,	,,	,, ६०९	,,	,,	,,	९८ ८६
D	,,	,,	,,	,, ६०९	,,	,,	,,	९८ ८६
E	,,	,,	,,	,, ५६२	,,	,,	,,	९१ २३

इस दृष्टि से A प्रति में ९८·०५ प्रतिशत होने से उसकी स्थिति B (९९·३५ प्र श.) और C तथा D (९८-८६ प्र श.) के नीचे आ जाती है। पर क्षेपको और पाठान्तरो का प्रतिशत उसकी स्थिति को बहुत ऊपर उठाये रहता है।

३. क्षेपकों और मूल छन्दों के अनुपात का आधार : प्रत्येक प्रति मे क्षेपको और मूल छन्दो का अनुपात निम्न प्रकार से है :

प्रति	कुल छन्द	— मूल छन्द	+ क्षेपक-मूल	छन्दो का प्रतिशत	क्षेपको का प्रतिशत
A	६१०	— ६०६	+ ४	९९·१५	००·९८
B	६५४	— ६१२	+ ४२	९३·६१	०६·४२
C	६५१	— ६०९	+ ४२	६३ ५५	०६ ४५
D	६७५	— ६०९	+ ६६	९०·२२	०९·७७
E	८६४	— ५६२	+३०२	६५ ४२	३४ ९५

४. प्रत्येक प्रति मे मिलनेवाले पाठान्तरों की प्रतिशत संख्या का आधार : पाठ-निर्णय के लिये भिन्न पाठो और पाठान्तरो के तुलनात्मक अध्ययन मे प्रत्येक प्रति और उसके पाठो की प्रामाणिकता सिद्ध हो जाती है और उससे पाठ-संशोधन तथा मूल पाठो के निर्णय मे सुगमता हो जाती है। इन पाठो में से १००० ऐसे पाठ चुने गये जिनके विविध प्रतियो मे भिन्न पाठ अथवा पाठान्तर मिलते है। उसके आधार पर भी प्रतियो की प्रामाणिकता क्रमबद्ध कर पाठ-निर्णय मे सहायता ली गई। इस प्रकार प्रत्येक प्रति में पाठान्तरो का जो प्रतिशत प्राप्त हुआ वह इस प्रकार है–

A प्रति मे	१०००	शब्दो में	१७	पाठान्तर हैं	= १.७	प्रतिशत
B ,,	,,	,,	५८७	,,	= ५८.७	,,
C ,,	,,	,,	६८६	,,	= ६८.६	,,
D ,,	,,	,,	७३२	,,	= ७३.२	,,
E ,,	,,	,,	८४४	,,	= ८४.४	,,

५ **ऐतिहासिक आधार** · प्रतियों मे आनेवाले कुछ ऐतिहासिक तथ्य भी पाठ-निर्णय में सहायक होते हैं। उक्त प्रतियो मे दिये गये ऐतिहासिक उल्लेख ग्रन्थ के रचनाकाल तथा लिपिकाल प्रमाणित करने मे सहायक हुए हैं। इनके आधार पर प्रतियो की प्राचीनता और कालगत भाषा-प्रवृत्तियो की खोज करने में सहायता मिली है। ये उल्लेख विशेष रूप में इन प्रतियों की प्रशस्तियो में मिले हैं। A प्रति की प्रशस्ति उसकी प्राचीनता सिद्ध करने में सबसे अधिक सहायक हुई है। यह प्रशस्ति मूल रचना की ही प्रशस्ति है। इसमें लेखक ने अपनी गुरु-परम्परा के साथ रचनाकाल (वि० स० १६४५) और रचना-स्थान 'सादडी' (मारवाड) के साथ महाराणा प्रताप और उनके मन्त्री भामाशाह का उल्लेख करते हुए सादडी के शासक ताराचन्द का भी उल्लेख किया है, जो ऐतिहासिक सत्य है। इस दृष्टि से इसका महत्त्व अधिक बढ जाता है कि यह मूल रचना के अधिक सन्निकट है। अत. इसके पाठ अन्य प्रतियो की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक सिद्ध हुए है।

६ **साहित्यिक आधार :** किसी रचना के पाठ-निर्णय में साहित्यिक आधार भी अन्य आधारो के समान ही महत्त्वपूर्ण होता है। रचना-तत्त्वो में छन्द, अलकार, भाव और रस के उपयुक्त भाषा के रूपो को विभिन्न प्रतियो से तुलना तथा शोध-सशोधन कर पाठ-निर्णय किया गया है। इनमें से कुछ का उल्लेख नीचे किया जाता है—

(१) प० च० में प्रधान रूप से दोहा और चौपई छन्दो का प्रयोग हुआ है। इन छन्दो में आदि से अन्त तक एक विशेष लय है। पाठान्तरो का तथा भिन्न पाठो का कही-कही इस लय में मेल नही बैठता। इसी प्रकार गति-भग-दोष तथा न्यूनाधिक मात्रा-दोष भी पाठ-निर्णय में सहायक हुए हैं। निम्न लिखित उदाहरण देखिये:—

मूल – ब्रह्म-विष्णु-शिव सइ मुखइ, नितु समरइ जसु नाम (२)
यहाँ 'मुखइ' के स्थान पर E प्रति में 'मुखे' पाठ है। यह बहुवचन होने पर भी 'सइ मुखइं' तथा उसकी क्रिया 'समरइ' की लय में नही बैठता। 'मुखइ' के स्थान पर B प्रति का 'मुखि' पाठ मात्रा-दोष के कारण अमान्य

हो जाता है। इसी प्रकार दसवे पद मे 'वसुधा लोचन जेसु विसाल' में 'जेसु विसाल' के स्थान पर B प्रति का पाठ जस 'सुविशाल' गति भग दोष के कारण अमान्य है।

(२) इसी प्रकार पहले दोहे में वयणसगाई अलकार पाठ-निर्णय में सहायक हुआ है :—

> सुख सपति दायक सकल, सिधि बुधि सहित गणेस।
> विघन विडारण विनयसुं, पहिली तुम्ह प्रणमेस ॥१॥

इसमें 'विघन विडारण विनयसुं' के स्थान पर B प्रति का पाठ 'विघन विडारण सुखकरन' अथवा E प्रति का पाठ 'विघन विडारण रिधिकरण' कर देने से उक्त अलकार की स्थिति नष्ट हो जाती है, जब कवि ने वीर रस की रचना में वयणसगाई को प्राथमिकता देने की परम्परा का निर्वाह किया है।

(३) रस का आधार भाव है। अतः भाव-व्यञ्जना के लिये शब्द और अर्थ में सामजस्य आवश्यक है। बादल के इन गाज भरे शब्दो मे देखिये —

> "सुणि बावा" ! बादिल कहइ, "सुभटांसु कुण कांम ?
> सुभट सहू सूए रहउे, ए करिस्यु हुं कांम ॥४०८॥

इसमें 'सुभटां सुं कुण कांम' के स्थान पर E प्रति के 'अवरां केहो कांम' तथा 'वैसि रहो सारा सुहड' में प्रत्यक्ष भावाभिव्यक्ति न होने से बादल के उत्साह का भाव सीधा ग्रहण नही होता।

७. शैली और परम्परा का आधार : वीर-रस की रचना होने पर भी कवि ने जैन-शैली की भाषा-परम्परा और लेखन-परिपाटी के प्रति आग्रह दिखाया है। इस सम्बन्ध मे आगे प० च० की भाषा के अन्तर्गत सविस्तार वर्णन है। नीचे कुछ ऐसे प्राचीन रूपो को दिया जाता है जो आग्रह पूर्वक प० च० में रखे गये हैं, और जिनके प्रति अन्य प्रतियो में यह आग्रह नही दीख पड़ता:—

मूल – अम्ह — B, C, D, E, – हम; D, – हमनैं } जबकि इसके विपरीत मूल 'अम्हि' के स्थान पर B, C, D, E, मे 'अम्हे', B मे 'अम्ह' C मे 'अम्हे' और D, E मे 'हम' भी मिलतेहै

आविउे — B – आविओ, C, D – आवियो

ऊतरीउे — B – ऊतरीयो, ऊतर्यउे } C, D – ऊतरीयो, ऊतर्यो } E ऊतरीयो

उदधि — B, C, D – जलद, दरिया } B, C – समुद्र } E सागर, जलधि }

८. **भाषा का आधार :** पाठ-निर्णय में भाषा का आधार सबसे महत्त्वपूर्ण आधार है। पाठ-निर्णय के लिये कुछ भाषा-सम्बन्धी आधारों का उल्लेख नीचे किया जाता है:—

(१) पाठ-भेद प्रवृत्ति : कुछ लिपिकारों तथा क्षेपककारों में मूल रचना से सर्वथा भिन्न पाठ कर देने की प्रवृत्ति होती है। इसके अनेक कारण होते हैं, पर मुख्यतः यह कभी तो अर्थ समझने में न आने पर किया जाता है और कभी प्रमाद या व्यक्तिगत रुचि के कारण :—

(क) अर्थ न समझने के कारण —

मूल— अति सुकमाल पसम पडवडी (१५३) (स० सूकः=कमल)
B— , शुकमाल पशम ,, (शुक ... =तोते का पर)
E— कोमल सदल पसम पडवडी (अर्थ स्पष्ट है)

(ख) व्यक्तिगत प्रमाद या रुचि के कारण—

मूल – ऊषर खेत्र न लागइ बीज। विण झगडा नवि थापइ धीज (४२)
यहा रेखांकित शब्द उपयुक्त हैं। यहां 'खेत्र' के स्थान पर B प्रति में 'क्षेत्र' (भिन्न अर्थ) 'लागइ' के स्थान पर E प्रति मे 'उगै', 'झगडा' के स्थान पर C प्रति मे 'झगडइ' तथा E प्रति में 'झगडै' और, 'थापइ' के स्थान पर E प्रति में 'होवइ' पाठान्तर तथा पाठ-भेद हो गये हैं। इसी प्रकार 'ए ऊषाणु अख्या दीठ' (५८) में 'अख्या दीठ' के स्थान पर E प्रति में 'साचो दीठ' पाठ लिपिकार की प्रमाद-प्रवृत्ति का द्योतक है।

(२) पाठान्तर प्रवृत्ति : भाषा के प्राचीन रूपो के व्यवहार से मुक्त हो जाने पर लिपिकाल के समय लिपिकार उनसे विकसित नवीन रूपो का प्रयोग कर लेता है। इसी प्रकार कभी तत्सम रूपो के प्रति उसकी रुचि तथा उसकी स्थानीय बोली का प्रभाव और उसकी उच्चारण प्रवृत्ति आदि अनेक कारणो मे एक ही रचना की भिन्न-भिन्न प्रतियो में पाठान्तर हो जाते हैं। कुछ का उल्लेख यहां किया जाता है—

(क) अव्यवहृत प्राचीन रूपो के स्थान पर नवविकसित या प्रचलित रूपों का प्रयोग :

मूल—अवडा – B,C,D, – एवडा, E इतने
करावउे – C,D – करावो (–वो)
कहवाडउे– B,C – कहवाडो (–डो), D,E–कहावो (–वो)
अजुआलइ- B, – उजवालइ, C–उजबालै, E उजालै

(ख) तत्सम रूपो के प्रति लगाव—

मूल—अउर - B,C,D - अवर (< स० अपर)
उछाह - D - उत्साह
ऊछेद - D - उच्छेद

(ग) स्थानीय बोली का प्रभाव—

मूल—कवित्त - B,C,D,E - किवित्त } मारवाडी की आदि इकार-प्रवृत्ति
कस्तूरी - E - किस्तूरी }
अवकइ - C - अवकिइ } मध्य राजस्थानी की मध्य इकार-प्रवृत्ति
अनइ - C - अनिइ }
अवनि - C - अविनि }

(घ) उच्चारण की मुखसुख प्रवृत्ति ('य' का निवेश)

मूल—करिसइ - B,C - करिस्यइ
कहीइ - B,C - कहियइ D,E - कहियै
उवेलीउे - C - उवेलीयउे

(च) व्याकरण सम्बन्धी भूलें—

(१) लिंग की भूल - मूल - आडी (स्त्री०)-B-आडउे, C,D,E-आडो (पु०)
(२) वचन की भूल- मूल - आणा (व.व.)-B-आणउे, D,E -आणु (व व)

पदमणि चउपई की कथावस्तु का विस्तार दस खण्डो में हुआ है । प्रत्येक खण्ड की कथा सक्षेप में इस प्रकार है—

१ खण्ड – चित्तौड़ के राजा रतनसेन का अपनी पटरानी प्रभावती के व्यंग पर सिंहलद्वीप मे जाकर वहाँ के राजा की बहिन पद्मिनी से विवाह कर के लौटना—(१-९३) ।

२ खण्ड – रतनसेन और पद्मिनी के प्रेम-प्रसग के समय राघव का अन्त पुर में प्रवेश और इस कारण रतनसेन का क्रोध मे आकर उसकी आँखें निकलवाने का आदेश । राघव का डर से भाग जाना— (९४-१३५) ।

३. खण्ड – राघव का दिल्ली पहुँचना और वहाँ एक भाट की सहायता से अलाउद्दीन के दरवार में प्रवेश कर पद्मिनी स्त्री का प्रसग छेड़ना । अलाउद्दीन का अपने हरम में पद्मिनी स्त्री की खोज के लिये राघव द्वारा निरीक्षण कराना और उसमें एक भी पद्मिनी स्त्री न होने पर राघव के सकेत पर पद्मिनी के लिये सिंहलद्वीप पर चढाई करना—(१३६-१८६) ।

४ खण्ड – अलाउद्दीन द्वारा सिंहल पर आक्रमण और समुद्र मे अनेक कठिनाइयों के कारण पीछा लौटना—(१८७-२२७) ।

५. खण्ड — दिल्ली लौटने पर अलाउद्दीन की बीबी का व्यंग्य करना। फिर राघव की सूचना और सकेत पर पद्मिनी प्राप्त करने के लिये चित्तौड पर आक्रमण का आदेश—(२२८-२४१)।

६ खण्ड — रतनसेन और अलाउद्दीन का युद्ध। अलाउद्दीन का गढ़ लेने मे असफल रहने के कारण अपने मत्री को भेजकर केवल किला और पद्मिनी को देखकर लौट जाने का छल-पूर्ण सन्धि-प्रस्ताव—(२४२-२८२)।

७ खण्ड — अलाउद्दीन का गढ मे प्रवेश। भोजन के समय दासियो को देख कर उन्हें पद्मिनियाँ समझ कर बार-बार चौकना और राघव का उसको सचेत करना। भोजनोपरान्त झरोखे की जाली से झाँकती हुई पद्मिनी को देख कर उसका मूर्छित हो जाना और राघव का उसको समझाना। किला देख कर लौटते समय रतनसेन को बातो में लगा कर द्वार तक ले आना और वहाँ अपमे छिपे हुए साथियो द्वारा उसे बन्दी बना लेना—(२८३-३४७)।

८. खण्ड — रतनसेन-प्रभावती का पुत्र वीरभाण पद्मिनी को उसकी माता का सौभाग्य छीनने वाली समझता है और इस कारण वह उसको अलाउद्दीन को सौंपकर उसके बदले मे राजा को लेने का प्रस्ताव स्वीकार करता है। यह सुन कर पद्मिनी के मन मे रोष, चिन्ता और ग्लानि तथा वहा न जाने का दृढ निश्चय—(३४८-४२१)।

९ खण्ड — पद्मिनी का सहायता के लिये गोरा-बादल के पास जाना। बादल द्वारा रतनसेन को छुडाने की प्रतिज्ञा सुन कर उसकी माता का उसको रोकना—(४२२-४९७)।

१० खण्ड — अपनी बात न मानने पर बादल की माता का उसकी नव-विवाहित वधू को भेजना। अपने स्वामी के दृढ निश्चय तथा रणोल्लास को देखकर नव-वधू का उसको रणवेश से सज्जितकर आयुध देकर युद्ध के लिये विदा करना। बादल का वीरभाण को समझा कर अपने पक्ष मे करना और अलाउद्दीन के पास जाकर उसको छलभरी बातो से पद्मिनी के आने का विश्वास दिला कर उसकी सेना को वहाँ से रवाना करवा देना। फिर गढ मे आकर डोलो में दासियो के स्थान पर अपने सैनिको को और पद्मिनी के स्थान पर गोरा को छिपा कर ले जाना, रतनसेन को छुडाना और अलाउद्दीन तथा उसके चुने हुए साथियो को मार भगाना। युद्ध मे गोरा की मृत्यु और उसकी स्त्री का सती होना—(४९७-६२०)।

पदमणि चउपई मे भाषा की सामान्य प्रवृत्तिया और उसकी शैली :—

पदमणि चउपई का रचनाकाल वि०सं० १६४५ है अत: इसकी भाषा वि०स० १६०० और १७०० के बीच की विकसित भाषा का रूप हैं। विकास-काल की दृष्टि से इसको मध्यकालीन राजस्थानी तथा क्षेत्र की दृष्टि से इसको मध्य राजस्थान की भाषा मानना चाहिये। मध्य राजस्थानी क्षेत्र राजस्थान का गोडवाड़ का प्रदेश, उसके पूर्व मे अजमेर, अजमेर से जहाजपुर-माडलगढ, वहाँ से भीलवाड़ा, गंगापुर, रायपुर, आमेट, कुम्भलगढ और पुन: गोड़वाड के बीच का विस्तृत भू-भाग है। उस काल की मध्य राजस्थानी का क्षेत्र भी लगभग इसी के अन्तर्गत मानना चाहिये। उक्त रचना का रचयिता हेमरतन गोडवाड़ प्रदेश में स्थित सादड़ी का निवासी था। अत: इस ग्रन्थ की भाषा-प्रवृत्तियाँ सामान्य रूप से मध्य राजस्थान की उस काल की भाषा-प्रवृत्तियाँ हैं, जिसके भीतर कही-कही गोड़वाड़ी की स्थानीय प्रवृत्तियों का भी समावेश है। लेखक के जैन साहित्य की परम्पराओ मे शिक्षित होने के कारण इस ग्रन्थ मे जैन शैली की भाषा-परम्परा का निर्वाह भी देख पडता है। इसी प्रकार वीर-रस की रचना होने के कारण इसमें डिंगल शैली का भी समावेश है :–

१. मध्य राजस्थानी की भाषा-प्रवृत्तियां —

(१) शब्द के आदि में अ-कार के स्थान पर मारवाडी इ-कार की प्रवृत्ति :

इधकी (७८ D अधकी), इसउ (२२७); खिण (२४ = क्षण); खित्री (३८१ = क्षत्रीय); सिवद (४३६ = शब्द)

(२) कही-कही 'इ' तथा 'उ' के स्थान पर 'ए' तथा 'ओ' और 'ए' तथा 'ओ' के स्थान पर 'इ' तथा 'उ' की गुण-वृद्धि;

(क) जिमउे (४८६)–जेसु (१०); करियो (४)–करेयो (४३१) -जीविसु (४६५)–जीपेशां (४०४); जीता (५६६)–जेत (५१४)

दिष्टे (१५५ B,C)–दीठ (६६)—द्रेठि (२७०)

(ख) सुहामणी (१६८)–सोहामणी (DE); सुगद (२६६)–सोगध (E); फुजदार (२८६)–फौजदार, फोफल (३३०)–पुगफल, पुष्पफल; वुल्लइ (३६७)–वोलइ (३८६), होई (१००)–होइ (३३), हुइ (३६४)

(३) तालव्य 'श्' और दन्त्य 'स्' का एक दूसरे के स्थान पर अनियमित प्रयोग : जीपेशा (४०४)-जीपिसुं (४६५), करशां (४०१)-करेसां (५३७ A,E), करेसुं (५३६)

(४) मध्यग - व् - के स्थान पर कही - य् - और कही - अ का अनियमित प्रयोग :

बहुअर (४४६), - बहूयर (B,C,E) - बहूवर (D)

खाग्रां (३९१) - खावा

जावइ (४७८) - जायइ (४६८)

(५) स्वर-लोप द्वारा शब्द - सयोग की प्रवृत्ति :

न + आवइ = नावइ (२५)

न + आदरी = नादरी (४८५)

म + आवइ = मावइ (४२२)

(६) मध्य अनुनासिक - एँ - का - आँ - मे परिवर्त्तन :

(क) वात सहू बहू अर नां कही (४४६ A) स्त्री० ए०

(ख) सिंघलपति नां सिरपा दीउं (२२२ A) पु० ए०

(ग) मोटां नां परि दीधुं मान (२२३ A) ब० व०

उक्त रचना मे इस प्रवृत्ति का प्रभाव कर्म कारक के चिन्ह 'ने' पर पड़ने से उसका 'ना' हो गया है। आधुनिक बोली मे इस क्षेत्र मे 'थने कहयो' के स्थान पर 'थना कियो' बोला जाता है। कर्म कारक मे ही यह प्रवृत्ति सीमित नही है। मध्यस्थित स्वरो की यह प्रवृत्ति ध्यान देने योग्य है :

भांश ∠ भैंस, फाक्यो ∠ फैंक्यो, खाच्यो ∠ खेंच्यो आदि।

प०च० मे खची (५९३) ∠ खांची ∠ खेंची

३. पदमणि चउपई मे मध्यराजस्थानी की गोड़वाड़ी बोली की स्थानीय प्रवृत्तिया :

(क) सख्यावाचक दो-तीन (२,३) के स्थान पर बे-त्रण तथा उसके रूपों का प्रयोग :

बि - च्यार (५४४), बी - सहस (१०१), बे (६७), बिवणउे (२०४) बेउ (५४), बेइ (३९) बेही (८०), बिहु (७), बिहु (१५१), ब्यु (९२), ब्यउ (५०३), बिया (५४९), बीजा (३९६), बीजी (५०)।

त्रिगुण (१८७), त्रिहु (३११), त्रीजउ (१२६), त्रीजी (३०६), त्रीस (४१), त्रीसहस (३७३), त्रीसहजार (२८५)।

(ख) करण - अपादान कारकों मे 'सुं' (सू) के स्थान पर भीली 'थी' का प्रयोग :

१।—रतनसेन थी मन महि डरइ (८२)

२।—तू सिंघल थी अविउे नासि (२५०)

(ग) भूतकाल 'हतो' (आधु० राज० 'हो') के स्थान पर 'थो' का प्रयोग·

१।—आगे - ई थो बभण गुणी (१४५)

(घ) दो दीर्घ स्वरो के बीच वाले अक्षर मे स्थित स्वर "अ" का "इ" मे परिवर्तन : दोहिलो (४५४); पाछिलो (६४)

४. जैन शैली की भाषा-परम्पराओ का आग्रह :

(क) संयुक्त स्वर 'ऐ' तथा 'औ' के प्राचीन रूपो को ग्रहण कर उनको प्राचीन रूपो मे ही लिखा गया है, जब कि अन्य प्रतियो मे उनके नव विकसित रूप लिखे गये हैं ·

वइसणइ (२६)-बैसणै (E); बेसणउे (५०३)-बैसणो (D)

(ख) आदि 'य्-' के स्थान पर 'ज्-' का प्रयोग:

जोअण (४१) ∠ योजन; जोगी (६०) ∠ योगी

इसी प्रकार अन्त्य '-ज्' के स्थान पर इसके विपरीत '-य्' का प्रयोग; आवयो (५३६) =आवजो,

(ग) कही-कही शब्दो के प्राचीन रूपो का निर्वाह,

(१) मध्य "त" के स्थान पर "प" : जीपण (७३) - जीतण

(२) आदि "ल" के स्थान पर "न" . निलवटि (४६८),- ललाटि (६०६)-, निलाटि(B,C,D,E), नालि (२८६)-लारि (१८४)

(३) आदि व- के स्थान पर म - : मोनती (१६१)-वीनती (२०६)

५. वीर-रस की अभिव्यक्ति के लिये भाषा में डिंगलत्व .

(क) व्यञ्जन द्वित्व . सावर्ण्य प्रवृत्ति के आधार पर विकसित प्राकृत-अपभ्रश के द्वित्त-व्यञ्जन-युक्त शब्दो का प्रयोग डिंगल की प्रधान विशेषता है। इसी आधार पर उसमे अनेक प्रकार के द्वित्त-व्यञ्जन-युक्त रूपो की रचना हुई। इसमे से निम्नलिखित प्रवृत्तिया उक्त रचना मे दीख पडती हैं :—

(१) प्राकृत-अपभ्रंश मे स्वीकृत सवर्ण द्वित्व :

भट्ट (१६२) खग्ग (३६७)

(२) अपभ्रंश मे द्वित्वव्यजन वाले जो शब्द राजस्थानी में परिवर्तित हुए थे उनमे द्वित्वव्यंजन लोप होकर उसके पूर्व-वर्ण को दीर्घ करने की प्रवृत्ति देख पडती है। इसी नियम के विपरीत शब्द के मध्य मे द्वित्व के आगमन के लिये पूर्व स्थित दीर्घ वर्ण को ह्रस्व करने का नियम डिंगल मे देख पडता है। निम्नलिखित उदाहरणो मे यह प्रवृत्ति देख पडती है :

अ < आ — झल्लई (३६७) < झालइ (३६६)
इ < ई — लिज्जइ (३७४) < लीजइ (२६७)
इ < ए — खिल्लूं (४३३) < खेलु (७४)
उ < ऊ — फुट्टउे (४४२) < देखो, फूटइ (२५६)
उ < ओ — बुल्लइ (३६७) < बोलइ (३३)

इसी प्रकार के द्वित्व मे कही-कही पर-वर्ण भी ह्रस्व कर दिया जाता है :

सत्ति (४१६) < सती (२०)

(३) कभी-कभी पूर्व तथा पर-वर्ण को प्रभावित किये बिना ही द्वित्वव्यजनागम हो जाता है :

फिट्टू (४४२) < फिट (५६८);
सक्कइ (१३) < सकइ (१३)

(४) मध्यव्यंजन महाप्राण होने पर उसके साथ द्वित्व की स्थिति में अल्प-प्राण का ही सयोग होता है :

रक्खाविउं (४४२); पाउद्धरइ (२८६)

(५) (क) द्वित्वव्यंजनागम के पूर्व उर्ध्व रेफ का अधोरेफ होना :

गध्रव्व (१६३) < गंधर्व; स्त्रग्गि (२४१), स्त्रग्ग, < स्वर्ग

(ख) उच्चारण लाघवत्व अथवा छन्द-बन्धन के कारण अक्षर लोप की प्रवृत्ति :

सख (१६३) < सुखिणी (१६३); रभ (१६५) रभा;
कति (१६६) < कांति; नीद्र (१६६) < निद्रा;

(ग) सर्वनाम के प्राचीन रूपो का प्रयोग :

अम्ह (१७०, ५८२-सबध-कर्त्ता), अम्हनि (५४२-कर्म-अधि०),
तूय (४४०), तूअ (४४३), तुज्झ (६०५)
ताणच्चिय (१५६), ताम [५७० A (५५०)]
कवण (१८७)

(घ) प्राकृत 'हन्तो' के रूपो का विविध विभक्तियों मे प्रयोग :

१. कर्म — वासइ ए ओलोचइ कीउ (३६८)
२. सम्प्रदान-संबंध — पोतुं बीतु अमलह तणुं (४७)
सामी सिंघल दीपह तणुं (६२)
३. अपादान — गढनी पोलि हुति ऊतरिउ (४६८)

(च) अनुस्वार का विभक्ति के रूप मे प्रयोग :

१. कर्त्ता-कर्म — खवासां उजासां (२८६)
२. कर्म — छत्रा धरइ (२८६)
३. करण — अख्या दीठ (५८)
४. सबध — रायां घर (२८६), असुरा घेह (३६७)

(छ) 'न' के स्थान पर 'ण' का आग्रह :

विणास (३६२), खांण (२०२), समांणी (१६१), सांमिणी (४१६)

(ज) अन्य प्राचीन रूप :

पडसाद (पट+सद्द < शब्द-२४६), पायालइ-१८७ (पातालइ)
अछइ (३०६), अछां (४०२)

(झ) दृश्य सादृश्य के लिये अनुरणन :

१. ढलकइ.. ढीकली (२४४)
२. दुमकि दुममा....(२४५)

(ट) अपभ्रंश के 'अडडडुल्ल' से विकसित स्वार्थिक प्रत्यय :

इसडउ, इसडइ (४३५), वड्डुउ, प्रियड्डुउ (३९७), बोलडा (२४०) प्राहुणडां (२९५), गोरिल्ल (३९३)।

हेमरतन और उसकी रचनाएँ

१ कालनिर्णय :

वि० स० १५०० और १७०० के बीच का युग राजस्थानी भाषा, साहित्य, सस्कृति और कला के चरम विकास का युग था। इस युग मे राजस्थानी भाषा और साहित्य की बहुमुखी प्रवृत्तियो का विकास देख पडता है, जहा धर्म और सम्प्रदाय, भक्ति और साधना, लौकिक और पारलौकिक भावनाए आदि का साहित्य के साथ-साथ सामंजस्य हो जाता है। साहित्य, नरक्षेत्र और आध्यात्मिक क्षेत्र मे सामजस्य स्थापित करता है। एक ओर वह 'मानव-व्यापारो मे आदर्श

स्थापित करता है तो दूसरी ओर वह उन आदर्शों द्वारा भगवत्प्राप्ति की ओर सकेत करता हुआ साधना और भक्ति के स्थूल तथा सूक्ष्म तत्वो में भी प्रवेश करता है। जहाँ धर्म सम्बन्धी रचनाएँ धार्मिक तत्वों और सिद्धान्तो के सीमित क्षेत्र मे ही देख पडती थी वे अब लौकिक चरित्रो और लौकिक व्यवहारो के साथ सामंजस्य स्थापित करने लगी।

जैन साहित्य की अनेक रचनाए ऐसे ही पात्रो के चरित्र को लेकर सामने आई, जो इन आदर्शो के कारण लोकप्रिय हो रहे थे। ये आदर्श पहले जैन धर्म तक ही सीमित थे। फिर जैनेतर चरित्र भी उन आदर्शों के साथ समाविष्ट हुए। धीरे-धीरे जैन लेखको ने जैनेतर विषयो और चरित्रो को भी अपने काव्य का विषय बना लिया, और इस प्रकार अनेक जैन लेखको द्वारा उत्तम कोटि के चरित-काव्य रचे गये, जो राजस्थानी भाषा और साहित्य की अमूल्य निधि बन गये। हेमरतन इसी प्रकार का एक कवि था, जिसने जैन होकर भी जैनेतर वस्तु और पात्रो को अपने काव्य का विषय बनाया। इस युग मे इस प्रकार की अनेक रचनाएँ हुई, जो जैन साहित्य की ही अमूल्य निधि नही हैं। उनको राजस्थानी भाषा और साहित्य से अलग नही किया जा सकता। राजस्थानी साहित्य के विविध रूपो की परम्परा और विकास की द्योतक ये जैन रचनाएँ ही हैं, जिनसे साहित्य के इतिहास के लिये सम्बन्धित सामग्री भी परिपूर्ण मात्रा मे प्राप्त होती है। हेमरतन के अनेक ग्रन्थ पिछली खोज मे प्राप्त हुए हैं, जिनसे उसके अपने युग का एक महत्वपूर्ण कवि होने का सकेत मिलता है। उसकी प्राप्त रचनाओ मे 'पदमणि चउपई' यहाँ प्रस्तुत है।

हेमरतन के जीवन के विषय मे बहुत कम सामग्री प्राप्त है। राजस्थानी लेखक इस दृष्टि से इतिहास लेखक की पोथी मे बहुत बदनाम हुआ है। पर अपने महत्व की प्रशस्ति स्थापित करना राजस्थानी लेखक ने कभी अपने जीवन का उद्देश्य नही बनाया। उसका उदेश्य रचना और तद्गत विषय को प्रस्तुत करना था। इसीलिये उसने विषय और वस्तु की ओर अधिक ध्यान दिया। उसने ग्रन्थ के आरम्भ तथा अन्त मे अपने आराध्य तथा आश्रय का उल्लेख कर उनके साथ अपना सम्बन्ध स्थापित किया है। चाहे वह धार्मिक क्षेत्र हो, चाहे साम्प्रदायिक, चाहे लौकिक क्षेत्र हो, चाहे पारलौकिक, सभी मे राजस्थानी लेखक की यही स्थिति रही है कि उसने अपने व्यक्तित्व को अपनी कृति मे कही उभरने नही दिया। इस कारण इतिहास-लेखक ने एक ओर उसकी रचनाओ को कृत्रिम कहा और दूसरी ओर उसकी सन्दर्भ-सामग्री का उपयोग भी किया। हेमरतन की रचनाओं मे 'पदमणि चउपई' का विषय इतिहास से सबध

रखता है। फिर भी उसका कोई अंश पूर्ण ऐतिहासिक नही है। पर वह किसी न किसी मात्रा मे ऐतिहासिक सामग्री अवश्य प्रस्तुत करती है। इतना होने पर भी उसका उद्देश्य सहित्य रचना है, रस उत्पन्न करना है, इतिहास लिखना नही (देखो–खड १।४।५)। अत: उसको इतिहास के क्षेत्र मे लेजाकर कृत्रिम कहना उचित नही है। 'पदमणि चउपई' इतिहास नही, काव्य है। उसका रचयिता इतिहासकार नही, कवि है, जिसका उद्देश्य किसी आश्रयदाता को प्रसन्न करना नही, केवल लोकप्रिय चरित्रो को लोकप्रिय काव्य-शैली मे चित्रित करके उनके आदर्शो को लोक-जीवन मे स्थापित करना है।

हेमरतन की प्राप्त रचनाओ मे उसके जीवन सम्बन्धी जो अन्तर्साक्ष्य सूत्र प्राप्त होते हैं, उनसे उसके रचनाकाल, गच्छ-परम्परा, शिक्षा, ज्ञान, अनुभव, तत्सम्बन्धी इतिहास आदि की ओर सकेत-सूत्र प्राप्त हो जाते हैं। उनके आधार पर उनके व्यक्तित्व की शोध सभव है। जैन धर्म मे दीक्षित हो जाने के पश्चात् माता-पिता आदि का सासारिक सम्बन्ध टूट जाता है और गुरु-परम्परा से उसका सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। यही कारण है कि हेमरतन ने अपने माता-पिता का परिचय न देकर गुरू परम्परा का ही उल्लेख किया है।

बहिर्साक्ष्य सामग्री से हमे उसकी शिक्षा-परम्परा तथा तत्कालीन साहित्य और तत्सबधी इतिहास का सकेत-सूत्र मिल जाता है। एक लेखक के विषय मे इतनी तो जानकारी होनी ही चाहिये और इसके लिये प्राप्त अल्पतम सामग्री भी किसी सीमा तक पर्याप्त है। उसके आधार पर उसके जीवन और व्यक्तित्व का पता लगाने मे तो हम सफल हो ही जाते है। अत उसकी रचनाओ के आधार पर उसका जीवन निश्चित करेगे। हेमरतन की अब तक जो रचनाएँ पिछली खोज मे प्राप्त हुई हैं, वे निम्नलिखित है—

१. अभयकुमार चउपई	रचना काल वि०स० १६३६
२ महीपाल ,,	,, ,, ,, १६३६
३ गोरा बादल पदमणि चउपई	,, ,, ,, १६४५
४ शीलवती कथा	,, ,, ,, १६७३
५ लीलावती	,, ,, ,, १६७३
६ रामरासो	
७ सीताचरित	
८ जदवा बावनी	
९ शनिचर छद	

इसमे से पहली पाच के तो रचनाकाल उपलब्ध हैं। शेष चार की खोज इन पाँच के आधार पर सम्भव है।

जिन पाँच रचनाओ पर रचनाकाल दिया गया है, वे सब प्रौढ रचनाएँ हैं। इनके आधार पर हेमरतन का रचनाकाल वि०स० १६३६ से १६७३ के बीच निश्चित हो जाता है। इस प्रकार पहली रचना (१६३६) और पाँचवी रचना के बीच ३७ वर्षों का अन्तर है। इनके आधार पर इन ३७ वर्षो के समय के तीन कालो मे-१६३६, १६४५ और १६७३ हेमरतन की सभी रचनाओ को स्थापित किया जा सकता है। हेमरतन के रचना-विकास (मानसिक-विकास) के ये आदि, मध्य और अन्तिम अथवा आरम्भ, विकास और उत्थान की स्थितियाँ मानी जा सकती हैं। आदि और मध्य के बीच लगभग दस वर्षों का और मध्य और अन्तिम के बीच २८ वर्षो का अन्तर है। २८ वर्षो का समय उसके चरम विकास का द्योतक है। इसी काल मे हेमरतन की अन्तिम और महत्त्वपूर्ण रचनाएँ पूरी हुई होगी।

कवि ने अपनी रचनाओ मे कही-कही अपनी रचना सम्बन्धी योजना की ओर भी सकेत किया है; जैसे 'अभयकुमार चउपई' मे उसने लगभग सात विषयों की रचनाएँ प्रस्तुत करने का सकेत किया है.—

दान, सील, तप, भावना, चारु, चरित्र, कहेस।
क्रोध, मान, माया, वली, लोभादिक, पभणेस॥

इसमे दान, शील, तप, मान, क्रोध, माया और लोभ ये सात विषय स्पष्ठ हो जाते हैं। लोभादिक कहने से चारो विकारो मे शेष काम भी आ जाता है। इस प्रकार ये आठ विषय आठ रचनाओं की ओर सकेत करते हैं। इस आधार को देखते हुए वि० स० १६३६ की प्रथम दो रचनाओ मे भी यह स्पष्ठ हो जाता है कि 'अभयकुमार चउपई' उसके पहले की और 'महिपाल चउपई' उसके बाद की रचना है। ऐसा लगता है कि कवि ने इन्ही विषयो को अपनी काव्य-रचना का आधार मानकर एक-एक विषय पर एक या अधिक रचनाएँ प्रस्तुत की। इनमे से एक रचना 'शीलवती कथा' का रचना काल जैन गुर्जर कविओ (भाग १ पृ० २०७-२०८) के लेखक ने वि० स० १६०३ दिया है। पर यह ठीक नही लगता। लेखक की मान्यता का आधार उक्त प्रति मे दिया गया यह रचनाकाल है :

सवत सोल त्रिरोत्तरे, पाली नयर मझारि।
सील कथा साची रची, प्रवचन वचन विचारि॥

मे वृद्धि की। लोक-प्रिय काव्य की आत्मा का कलेवर इसी प्रकार घटता-बढता रहता है। इसकी लोक-प्रियता के अन्य कारण भी हैं :

१. अन्य जैन रचनाओ के समान यह एकांकी नही है। अन्य जैन चरित-काव्यो के समान इसके आधार मे कोई धार्मिक-सिद्धान्त या प्रचार की भावना नही है।

२. रचना के विषय, वस्तु और पात्र सभी ख्याति-प्राप्त और लोक-प्रिय हैं।

३ कथा ऐतिहासक है तथा उसी राजवश से सम्बन्धित है, जिसमे महाराणा प्रताप जैसे वीर ने इसकी रचना के समय ही अपने मान, मर्यादा और स्वतन्त्रता-प्रेम का परिचय दिया था। उन्ही के त्याग और बलिदान की प्रेरणा से इसकी रचना हुई है।

४. इसमे धार्मिक परम्पराओ के स्थान पर साहित्यिक परम्पराओ का निर्वाह दीख पडता है। इस रचना में उस काल के लोक साहित्यिक परम्पराओ का निर्वाह हुआ है। यह वीर रस का एक सुन्दर लोक काव्य है।

उदयसिंह भटनागर

कवि हेमरतन कृत

गोरा वादल पदमणी चउपई

[पहलो खंड]

॥ दूहा ॥

[1]सुख संपति दायक सकल[1], सिधि बुधि सहित गणेस[2]।
विघन विडारण [3]विनयसुं[3], पहिली[4] तुझ प्रणमेस[5] ॥ १ ॥

ब्रह्म[1] विष्णु[2] शिव सइँ[3] मुखइँ[4], नितु समरइँ[5] जसु[6] नाँम[7]।
ते[8] देवी सरसति[9] तणइ[10], पद[11] युगि[12] करुं[13] प्रणाँम ॥ २ ॥

पद्मराज वाचक[1] प्रभृति[2], प्रणमी[3] निज[4] गुरु पाइ[5]।
केळवस्युं[6] साची कथा, काँणि[7] न आवइ[8] काइ[9] ॥ ३ ॥

नवरस दाखइँ[1] नव-नवा, सयण सभा सिणगार[2]।
कवियण मुझ करियो[3] कृपा, वदताँ वचन[4] विचार ॥ ४ ॥

वीरा रस सिणगार[1] रस, हासा रस हित हेज।
सामि[2]-धरम-रस[3] साँभलउं[4], [5]जिम हुइ तनि अति तेज[5] ॥ ५ ॥

सामि-[1]धरम जिणि[2] साचविउं[3], वीरा रस सविसेष[4]।
सुभटाँ[5] महि[6] सीमा[7] लही, राखी खित्रवट रेख ॥ ६ ॥

॥ १ ॥ १ सकल सुख-दायक सदा E। २ गणेश B। ३ सुख-करन B, रिधि करण E। ४ पहिलु B, पहिलो C, पहिलि D। ५ प्रणमेश B, प्रणमेसु C।

॥ २ ॥ १ ब्रह्मा B। २ विष्नु B। ३ सइ C, सै E। ४ मुखि C, मुखें E। ५ समरइ B, समरैं B। ६ जस E। ७ नाम B। ८ तेण B, तिण E। ९ सरसती E। १० तणै E। ११ पय E। १२ युग B, जुग E। १३ प्रणाम B।

॥ ३ ॥ १ वाचिक B। २ प्रभति E। ३ प्रणमु E। ४ सद E। ५ पाय BCE। ६ केळविसु B, केळविसु C, केळवताँ E। ७ काणि BC, तथा E। ८ लागैं E। ९ काय BCE।

॥ ४ ॥ १ दाखइ BC, दाखै E। २ शिणगार B। ३ करिजो B, करिज्यो C। ४ वयण E।

॥ ५ ॥ १ सिंगार E। २ साँमि B, साम C, साँम E। ३ ते C, विधि E। ४ संभलु A, समलउं C, साँभलो E। ५ ज्युं वार्धैं तन तेज E।

॥ E ६ ॥ सील साच जगि भाषिई, जसु प्रसाद सुख होइ।
पदमणि जिणपरि पालियो, साँभलियो सहु कोइ ॥ E ६ ॥

॥ ६ ॥ १ साम E। २ जिम C, जां E। ३ साचिव्यउं BC, साचव्यो E। ४ सुविशेष B, सविशेष E। ५ सुभडाँ B, सुहडाँ E। ६ माँहि BC, मै E। ७ सोभा CE।

विद्वान लेखक ने 'त्रिरोत्तर' का अर्थ तीन (३) मान लिया है, जो ठीक नही है। वैसे भी 'त्रिरोत्तर' का अर्थ त्रिदशोत्तर होता है। पर यह पाठ ही अशुद्ध है। शुद्ध पाठ "त्रिहोत्तरे" है जिसका अर्थ ७३ होता है।

हेमरतन का रचनाकाल वि० स० १६३६ और १६७३ के बीच मानने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि वि० स० १६३६ मे उसकी आयु २५ वर्ष के लगभग होगी। इस दृष्टि से उसका जन्म वि० स० १६११ के आसपास हुआ होगा। हेमरतन के एक शिष्य कुँवरसी की एक रचना 'नवपल्लवपार्श्वनाथ' श्री अगरचन्द नाहटा के सग्रह मे है। उसके अनुसार हेमरतन का वि० स० १६८१ मे होना पाया जाता है। इस दृष्टि से वि० स० १६८१ मे हेमरतन की आयु ७० वर्ष के लगभग होगी। इसके वाद वे ६।१० वर्ष और जीवित रहे होगे। अत हेमरतन का निधन वि० स० १६६० के आस पास ठहरता है। इस प्रकार हेमरतन का जीवन काल वि० स० १६११ और १६६० के बीच निश्चित होता है।

पदमणि चउपई की ख्याति और महत्त्व :

चित्तौड़ की प्रसिद्ध रानी पद्मिनी की इतिहास-प्रसिद्ध कथा को लेकर लिखी जाने वाली यह प्रथम उपलब्ध राजस्थानी रचना है। इसकी रचना के ४८ वर्ष पूर्व मियाँ जायसी अपना पदमावत अवधी बोली में रच चुके थे।

स्पष्ट है कि युग की परिस्थितियो ने ही हेमरतन को इस रचना की प्रेरणा प्रदान की थी। वि० स० १६३३ मे हल्दीघाटी का प्रसिद्ध युद्ध हो चुका था, जिसमे महाराणा प्रताप के अटल धैर्य और कुल की मान-मर्यादा की परीक्षा हुई थी। वे न तो अकबर के आगे झुके और न अपनी वहन-वेटी को अकबर के हरम मे पहुचा कर राज्य-सुख ही भोगा। कठिन सघर्ष और रक्त-प्रवाह तथा त्याग और वलिदान के द्वारा वि० स० १६४३ मे उन्होने अपने खोये हुए राज्य को पुनः अपने अधिकृत कर लिया था। रह गया केवल चित्तौड़! जिसकी प्राप्ति के लिये अन्तिम प्रयत्नो मे वि० स० १६५३ मे उन्होंने अपने प्राण त्याग किये। महाराणा प्रताप की यह आदर्श गौरव गाथा देश मे दूर दूर तक गायी जाने लगी। उनकी यह प्रणवद्ध अटलता, अडिगता और अणनमता सभी के लिये एक आदर्श उदाहरण वन गई थी। साहित्य मे भी यह नवीन आदर्श एक नवीन उत्साह लेकर खडा हुआ था, जिसने लोगो के मन मे देशभक्ति की भावना प्रतिष्ठित की। लोग इस त्याग पर अभिमान करने लगे। जैन लेखको पर भी इसका प्रभाव कम नही पडा। पद्मसागर ने तो अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ

'जगद्गुरु काव्य' (वि० स० १६४६) में अकबर के आगे अपनी आन वेचने वाले राजाओ की भर्त्सना करते हुए राणा प्रताप के प्रति श्रद्धा प्रकट की थी:—

केचिद् हिन्दुनृपा बलश्रवणतस्तस्य स्वपुत्रीगण,
गाढाभ्यर्थनया ददत्यविकला राज्य निजं रक्षितुम् ।
केचित्प्राभृतमिन्दुकान्तरचन मुक्त्वा पुरः पादयोः,
पेतुः केचिदिवानुगाः परमिमे सर्वेऽपि तत्सेविनः ।।

स० १६४६ में पद्मसागर कृत जगद्गुरुकाव्य, ८८

कितने ही हिन्दू राजा उस (अकबर) के वल को सुन कर स्वय के राज्य को वचाने के लिए अपनी पुत्रियो के समुदाय को बड़ी अभ्यर्थना के साथ उसे निरन्तर प्रस्तुत करते हैं। कितने ही चन्द्रकान्तमणि आदि जवाहरात देकर उसके पैरो पडते हैं और कितने ही उसके गाढ़ अनुयायी चन कर उसके सच्चे सेवक कहलाने की कामना करते हैं। (परन्तु एकमात्र मेदपाट का राणा प्रताप जो हिन्दू जाति का कलशभूत माना जाता है वह उस (अकबर)का तिरस्कार करता रहता है और अपने पूर्वजो की आन को निभाने के लिये दृढतापूर्वक अणनम बन रहा है।)

हेमरतन ने भी प०च० की प्रशस्ति मे महाराणा प्रताप का उल्लेख किया है:

पृथ्वी परगट राण प्रताप। प्रतपई दिन दिन अधिक प्रताप।

अपने युग की प्रेरणा ने ही हेमरतन को इस वीर रस की रचना की ओर प्रवृत्त किया था। कोई आश्चर्य नही कि पदमणि चउपई के अतिरिक्त भी उसने कोई वीर रस की रचना की हो। पदमणी चउपई मे रतनसेन के पुत्र वीरभाण की कल्पना इसी प्रकार के आन बेचने वाले राजाओ का प्रतिनिधित्व करती है। गोरा और बादल उस आन की रक्षा के लिये प्राण देने वाले वीरो के प्रतीक हैं। बड़े ही उपयुक्त समय मे हेमरतन ने अपना यह चरितकाव्य प्रस्तुत किया था। इसमे भारतीय नारी के सतीत्व और कुल मर्यादा की रक्षा हेतु प्राण देने वाले लोक-प्रसिद्ध चरितो को अकित किया है। ऐसी रचना का महत्व भी उसी समय प्रकट हो गया था। मेवाड़ के पुनरुद्धार (वि० स० १६४३) के साथ ही इसकी आधार की भूमि तैयार हुई और दो वर्षों मे उस जनता के सम्मुख प्रकाशित कर दी गई जो ऐसे ही त्याग का दिन-रात अनुभव कर रही थी। उसी समय यह रचना इतनी लोकप्रिय भी हो गई कि कवि के जीवन-काल मे ही इसकी अनेक प्रतियाँ दूर-दूर तक पहुँच गईं। अनेक लिपिकारो और क्षेपककारो ने इसमे क्षेपक जोडे, सशोधन परिवर्तन और परिवर्द्धन करके इसकी लोक-प्रियता

गोरा[१] रावत[२] अति गुणी, वादल[३] अति वलवंत ।
वोलिसु[४] वात विहुं तणी[५], सुणियों[६] सगला[७] संत ॥ ७ ॥

रतनसेँन राजा तणइ[१], छलि हूआ[२] अति[३] छेक[४] ।
गोरउ[५] वादल[६] [७]वेँ गुणी[७], सत्तवंत[८] सविवेक[९] ॥ ८ ॥

युद्ध[१] करी जिम जस लीउं[२], वसुहा[३] हूआ[४] विख्यात ।
चित्रकोट[५] चावउं[६] कीउं[७], ते निसणउं[८] सहु[९] वात ॥ ९ ॥

॥ चोपई ॥

चित्रकूट[१] पर्वत चउंसाल[२], वसुधा-लोचन [३]जैंसु विसाल[३] ।
सुर-नर-किंनर तणउं [४]निवास, रॉंम रह्या था जिहॉं वनवास ॥ १० ॥

गिरवर ऊपरि[१] दूढ[२] दुरंग, विषम ठाम गढ अति[३] हि उतंग ।
गयणह[४] पडण विधाता डरी, जाणि कि थंभ दीउं[५] थिर करी ॥ ११ ॥

विपम[१] घाट गढ विसमी पॉंलि, अति उंची कोसीसॉं[२] ऑंलि ।
संचा मॉंहि[३] घणा[४] सॉंसता[५], अंणभंग[६] कोट घणी आसता ॥ १२ ॥

वॉंक[१] दुवारा विसमी[२] गली[३], विकट[४] कोट[५] अति विसमउं[६] वली[७] ।
[८]अणजाणिउं न सकइ नीकली[८], [९]कद ही कोइ न सकइ कली[९] ॥ १३ ॥

मॉंहि मनोहर[१] महल[२] अनेक, सगला[३] लोक वसइँ[४] सविवेक[५] ।
त्याग भोग सहु[६] लाभइँ[७] तिहॉं[८], सुर [९]इम जॉंणइ इणि गढि रहॉं[९] ॥ १४ ॥

॥ ७ ॥ १ गोरो BO । २ राउंत B, रावति O । ३ वादिल A, वादल B । ४ °सुं O । ५ वेहूँ O ६ सुणिज्यो O । ७ सघला BO ।

गोरा वादल रिण गहिल, विन्है सुहड वलिवंत ।
वोलिस वात हुई यथा, सुणयो सगला संत ॥ E ७ ॥

॥ ८ ॥ १ तणै E । २ हूया C, राखी E । ३ कुल E । ४ टेक E । ५ गोरो BOE । ६ वादिल A । ७ सूरिमा E । ८ सतधारी E । ९ सुविवेक OE ।

॥ ९ ॥ १ जुद्ध BO । २ लीयउं B, लीयो O । ३ वसुहॉं B, वसुधा O । ४ हुयउं B, हूया O । ५ चित्रकोटि O । ६ चावु A, चावो O । ७ कियउं B, कीयो O । ८ तिसुणो O । ९ सहु B, सवि O ।

जुध जीतो जस खाटीयो, वसु-पुडि हुआ विख्यात ।
चित्रकोट चावो कीयो, सुणयो ते अवदात ॥ E १० ॥
नर नरपति पढित सभा, सॉंभलियो सहु कोइ ।
परचाव्यॉं तन धन दिये, ध्रम सतधारी कोइ ॥ E ११ ॥

॥ १० ॥ १ चित्रकूट B । २ चौसाल E । ३ जस सुविशाल B, जे सुविशाल E । ४ तणो O, तणे D, राम BCE ।

॥ ११ ॥ १ ऊपर E । २ दूठ BO । ३ तिहॉं O । ४ गयणा O । ५ दीयउं B, दीयो O, कीयो E ।

॥ १२ ॥ १ विषमी BOE । २ कोसीसा BOE । ३ माहिं B, नीर E । ४ घणॉं O, तणा E । ५ सासता BCE । ६ अभग O ।

॥ १३ ॥ १ वाघ E । २ विसमा F । ३ घाट E । ४ विसमो O । ५ कोटि O । ६ विसमु A, विसमो O, विसमी F । ७ वाट E । ८ जाणि पुरुप भूलइ पणि वली O, अणजाणग न सकइ नीकली E । ९ अणजाणउ न सकइ नीकली B, जाण पुरुप पिण भूलै गली D ।

॥ १४ ॥ १ अनोपम OF । २ महुल O, महिल F । ३ सघला B । ४ वसै E । ५ सुविवेक O । ६ सवि O, सुत E । ७ सपति E । ८ जहॉं E । ९ सुर पिण जाणै वसीयै इहॉं E ।

चउरासी[१] चोहटा हटसाल[२], मणिमय[३] तोरण झाक-झमाल ।
[४]गोख घणा उंचा आवास[४], राजभवणि[५] संधिउ[६] आकास[७] ॥ १५ ॥

घरि-घरि गोख घणा[१] पाखती, रंगि[२] रमइँ[३] बेठी दंपती ।
गोखइँ-गोखि घणी जालिका, तिहाँ बेठी दीसइँ बालिका ॥ १६ ॥

कमल-वदन गज-गति-गामिणी[१], कोमल तन[२] दीसइँ[३] कामिनी ।
सात[४] भुँया[५] उंचा आवास, लोक वसइँ[६] सहु लील विलास ॥ १७ ॥

[१]तिणि गढि राज करइ गहिलौंत्त[१]; रतनसेँन [२]राजा जस-जौंत्त[२] ।
प्रबल पराक्रम पूर[३] प्रताप, [४]पेसी न सकइ[४] जसु[५] घटि पाप ॥ १८ ॥

अवनि घणी लग[१] अविचल आण[२], भालि[३] तपइँ[४] जसु[५] बारइ[६] भाँण[७] ।
वेरी[८] कंद तणउ[९] कुद्दाल[१०], रण[११]-रसीउ[१२] नइ[१३] अति रंढाल ॥ १९ ॥

पटराणी[१] तसु[२] परभावती, रूपइँ[३] रंभा सीलइँ[४] सती ।
इंद्र तणइ [५] इंद्राणी जिसी, तेहनइ[६] ते[७] पटराणी[८] तिसी ॥ २० ॥

अवर अनेक अछइँ[१] तसु[२] नारि, अपछर रंभ तणइ[३] अणुहारि ।
पिण[४] मन-मानी[५] परभावती, तिणि पिणि[६] मोहि लीउ[७] निज पती ॥ २१ ॥

सतर भेद भोजन रसवती, केळवि[१] जांणइ[२] ते गुणवती[३] ।
राजा[४] तिणि[५] रीझवीउ[६] घणुं[७], किसुं[८] घणुं[९] हिव[१०] ते हुं[११] भणुं[१२] ॥ २२ ॥

भोजन भगति करइ[१] ते[२] नारि, तउ ते भूप करइ आहार ।
अवर तणउ[३] कीधउ[४] अनपाक[५], रतनसेँन नइँ[६] लागइ[७] खाक[८] ॥ २३ ॥

॥ १५ ॥ १ चोरासी E । २ सुविसाल O, सुविशाल E । ३ मणिमइ O, मणिमै E । ४ जाली गोख अनोप आवास E । ५ भुवणि O, राजभुवन E । ६ सुरिज E । ७ परगास E ।

॥ १६ ॥ १ घणाँ B । २ रंग B । ३ रमइ B,
घरि घरि गोख चिहु दिस घणा, देखण ख्याल बाजाराँ तणाँ ।
गोखे जडित गुपत जालिका, वैठि तिहाँ खेलै वालिका ॥ E १८ ॥
O प्रति में यह चौपई नहीं है ।

॥ १७ ॥ १ गामणी B, दामिनी O, गामिनी E । २ चतुर E । ३ दीसइ O, सरस E । ४ सप्त E । ५ भुमिया BO । ६ वसै E ।

॥ १८ ॥ १ तिण गढ राज करे गहिलौंत्त E,......गहलोत O । २ रिण भ्रिसणाँ मौंत्त E, राजा सजोत O । ३ तेज E । ४ पैसि सकै नहि E । ५ तसु O ।

॥ १९ ॥ १ तस E । २ आण BO । ३ भाल OE । ४ तपइ BO, तपै E । ५ जस E । ६ वारह E । ७ भाण B, वाँण O । ८ वयरी BE, केवी A । ९ तणो OE । १० कुद्दार O, कोदाल E । ११ रिण OE । १२ रसियो E । १३ मड E ।

॥ २० ॥ १ पटराणी E । २ तस E । ३ रूपइ BO, रूपै E । ४ सीलइ BO, सीलै E । ५ तणी OE । ६ रतन E । ७ तणे E । ८ पटराँणिँ E ।

॥ २१ ॥ १ अछे E । २ तस E । ३ तणे E । ४ पणि OE । ५ मनि-मानी BO, मांनि E । ६ पणि OE । ७ लीयो OE ।

॥ २२ ॥ १ ते केलवी E । २ जाणिइ B, जाणें E । ३ रसवती B । ४ राण BOE । ५ तणो चित E । ६ रीझवीयो O, रीझ्यो E । ७ घणु O, इसो E । ८ किसउ B । ९ घणु B । १० तेहनो O । ११ हिव O । १२ भणु O, ८ से १२– चातुरता नु कहिवो किसो E ।

॥ २३ ॥ १ करि O । २ निज O, १-२ राणी करै रसोडो हाथ, तव ते आरोगे नरनाथ ॥ ३ तणो O । ४ कीधो OE । ५ अंनपाक B । ६ नइ O, नै E । ७ लागिइ B, लागे E । ८ खाख E ।

माहो-माहि[१] घणुं[२] मनि-मोह[३], सहि न सकइ[४] खिण एक विछोह ।
वीरभाँण[५] तसु सुत अति सूर, प्रतपइ[६] तेज तणुं[७] घट पूर[७] ॥ २४ ॥
चतुरंग सैंन सँपूरण[१] साथ, नीतइँ राज करइ नरनाथ ।
अरि सगला नाँख्या ऊछेद[२], खिति धरताँ तसु ना'वइ खेद[३] ॥ २५ ॥
सवल सूर साचा ससनेह, छल न करइँ नवि दाखइँ[१] छेह ।
सुरपति दियइ[२] जिणाँरी[३] साखि, "[४]इसा सुभट तसु घरि ऍक लाख[४]" ॥ २६ ॥
हय गय पायक[१] रथ नीसंख, करे न सकइ को आकंख ।
इण[२] परि परिगह तणइ[३] पडूरि, रतनसैंन राजा भरपूरि ॥ २७ ॥
एक दिवस भोजन नइ[१] समइ[२], आवी दासी इम वीनमइ[३] ।
"सांमि[४] ! पधारउ[५] भोजन भणी[६], पाक हूआ हुई वेला[७] घणी" ॥ २८ ॥
